आकाशवाणी केन्द्र शिमला
18.05.2024 / प्रादेशिक समाचार / 18:00 बजे

प्रत्याशी

प्रदेश में पहली जून को होने वाले लोकसभा चुनाव और 6 सीटों पर विधानसभा उपचुनाव के लिए कुल 62 प्रत्याशी मैदान में हैं। लोकसभा चुनाव के लिए चारों सीटों पर 37 जबकि 6 विधानसभा सीटों पर 25 उम्मीदवार अपना भाग्य आज़मा रहे हैं। कांगड़ा और मंडी संसदीय क्षेत्रों में 10–10, हमीरपुर में 12 और शिमला संसदीय क्षेत्र में पांच उम्मीदवार चुनावी मैदान में रह गए हैं। इसी तरह विधानसभा उप–चुनाव में धर्मशाला से चार उम्मीदवार, लाहौल स्पीति में 3, सुजानपुर में 6, कुटलैहड़ में 4, गगरेट में 5 और बड़सर में तीन उम्मीदवार चुनाव मैदान में रह गए हैं। प्रदेश में इस बार भी मुख्य मुकाबला भाजपा और कांग्रेस के बीच ही होता दिखाई दे रहा है। हालांकि कुछ विधानसभा सीटों पर बागी नेता चुनाव मैदान में उतरे हैं, जिससे मुकाबला तिकोणीय हो गया है। लाहौल–स्पिति विधानसभा सीट से पूर्व मंत्री रामलाल मारकंडा व धर्मशाला से राकेश चौधरी निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में मैदान में उतरे हैं और ये दोनों ही भाजपा के बागी नेता हैं।

जेपी नड्डा

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और स्टार प्रचारक जगत प्रकाश नड्डा ने आज कांगड़ा, चंबा और सोलन ज़िलों में पार्टी प्रत्याशियों के पक्ष में प्रचार किया। चंबा के ऐतिहासिक चौगान मैदान में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए नड्डा ने कांग्रेस पार्टी पर परिवारवाद को बढ़ावा देने का आरोप लगाते हुए कहा कि विपक्षी दलों ने अपने स्वार्थ के लिए ही इंडी गठबंधन बनाया है। उन्होंने कहा कि देश में विपक्ष के पास कोई एजेंडा नहीं है और आज सभी विपक्षी दल नेतृत्वविहीन व नीतिविहीन हो गए हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एक मज़बूत सरकार ने पिछले 10 वर्षों में देश में विकास के नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं और हिमाचल प्रदेश में मोदी सरकार की मदद से सड़कों का जाल बिछाया गया है। उन्होंने कहा कि किसान सम्मान निधि, आयुष्मान भारत और प्रधानमंत्री उज्जवला जैसी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ आज देश के करोड़ों लोगों को मिल रहा है। नड्डा ने मतदाताओं से पार्टी प्रत्याशी डॉक्टर राजीव भारद्वाज को भारी मतों से जिताने का आह्वान किया।

मुकेश अग्निहोत्री

वरिष्ठ कांग्रेस नेता व उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने आज मंडी संसदीय क्षेत्र के तहत भरमौर में चुनाव प्रचार किया। मैहला पंचायत में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने लोगों से विक्रमादित्य सिंह के पक्ष में मतदान की अपील की। अग्निहोत्री ने दावा किया कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने सीमित संसाधनों के बावजूद अपने डेढ़ वर्ष के कार्यकाल में राज्य के हर वर्ग को लाभ पहुंचाने का काम किया है और इसी के दम पर पार्टी चुनाव में जीत हासिल करेगी। उन्होंने कहा कि देश की जनता बदलाव चाहती है और इस बार इंडी गठबंधन की सरकार बनेगी।

अनुराग ठाकुर

केंद्रीय सूचना व प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने दावा किया है कि देश व प्रदेश में भाजपा को भारी जनसमर्थन मिल रहा है और जनता भाजपा को लगातार तीसरी बार सत्ता में लाना चाहती है। उन्होंने आज ऊना और कांगड़ा ज़िले के अनेक स्थानों पर चुनावी रैलियों को संबोधित किया और मतदाताओं से भाजपा के पक्ष में मतदान की अपील की। अनुराग ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व के कारण आज भारत की अर्थव्यवस्था में उल्लेखनीय सुधार हुआ है और देश दुनिया की तीसरी आर्थिक महाशक्ति के रूप में उभर रहा है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि ये हम सबका सौभाग्य है कि देश को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कुशल नेतृत्व मिला है, जबकि पाकिस्तान आज दाने–दाने को तरस रहा है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि एन.डी.ए. एक ओर जहां 4 सौ सीटें जीतने के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रही है, वहीं कांग्रेस पार्टी को 40 सीटें जीतना भी मुश्किल हो रहा है। उन्होंने कांग्रेस पार्टी पर लोगों के साथ धोखा करने का आरोप लगाते हुए कहा कि प्रदेश की लाखों महिलाएं पिछले डेढ़ वर्ष से सरकार की ओर से 15 सौ रूपये मिलने का इंतज़ार कर रही हैं।

रोहित ठाकुर

शिक्षा मंत्री व शिमला संसदीय सीट से कांग्रेस प्रभारी रोहित ठाकुर ने आज शिमला ज़िले के जुब्बल–कोटखाई क्षेत्र के अनेक स्थानों पर पार्टी प्रत्याशी विनोद सुल्तानपुरी के पक्ष में चुनाव प्रचार किया। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा की जन विरोधी नीतियों के कारण सेब बागवानी हाशिए पर आ गई है और आयात शुल्क घटने से बागवानों की आर्थिकी पर बुरा असर पड़ा है। रोहित ठाकुर ने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार मंडी मध्यस्थता योजना के तहत सेब की देनदारी देने में विफल रही और वर्तमान राज्य सरकार ने 98 करोड़ की देनदारी का भुगतान कर दिया है। शिक्षा मंत्री ने लोगों से पार्टी प्रत्याशी विनोद सुल्तानपुरी के पक्ष में मतदान की अपील की। इस मौके पर सी.पी.एम. नेता राकेश सिंघा और संजय चौहान ने भी विनोद सुल्तानपुरी के पक्ष में चुनावी रैली को संबोधित किया।